स्थापित 1887

# अमीनाबाद इण्टर कालेज, लखनऊ

## नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित


Phone : 0522-4104302
E-mail : principal.aminabad@gmail.com
Website : www.aminabadintercollege.org


# REGISTRATION/ADMISSION FORM WITH PROSPECTUS




| | | |
|---|---|---|
| **श्री अजय कुमार द्विवेदी** | **श्री यमुनाधर चौहान** | **साहब लाल मिश्र** |
| प्रबन्धक / नगर आयुक्त | सहायक नगर आयुक्त | प्रधानाचार्य |


स्वच्छ रहें स्वच्छ रखें योग करें स्वस्थ रहें

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा बनाये गये पोस्टर










11 नवंबर 2021 को सहायक नगर आयुक्त श्री यमुनाधर चौहान द्वारा अमीनाबाद इंटर कालेज परिसर में पौधारोपण तथा निर्धन छात्रों को निशुल्क स्वेटर वितरण एवं कई प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त सर द्वारा विद्यालय की नवसृजित लाइब्रेरी तथा गणित प्रयोगशाला का अवलोकन किया गया तथा इंटर भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला में छात्रों के मध्य जाकर उनके प्रायोगिक कार्य का आयोजन किया गया।



**में पौधरोपण कर बच्चों को बांटा स्वेटर**

...चौक. अमीनाबाद इंटर कॉलेज में ... नगर आयुक्त यमुना धर चौहान की ओर ... पौधारोपण कर जरूरतमंद छात्रों ... स्वेटर बांटा गया। साथ ही पूर्व में ... के विजेता छात्रों को पुरस्कार ... । इस दौरान सहायक नगर आयुक्त ... की नवसृजित लाइब्रेरी और गणित ... का अवलोकन भी किया। इसके बाद ... विज्ञान प्रयोगशाला में जाकर बच्चों ... कार्य को देखा।

**सहायक नगर आयुक्त यमुना धर चौहान द्वारा अमीनाबाद इंटर कालेज में पौधारोपण**

**सहायक नगर आयुक्त ने किया पौधरोपण**

## आजादी की 75 वीं वर्षगाँठ के अमृत महोत्सव के अवसर पर नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित अमीनाबाद इण्टर कॉलेज के छात्रों के मध्य आयोजित-फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता






## दिनांक 12 अगस्त को अमीनाबाद इण्टर कॉलेज के छात्रों द्वारा आजादी की 75वीं वर्षगाँठ के अवसर पर आयोजित अमृत महोत्सव के अन्तर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई।



अमीनाबाद इंटर कालेज द्वारा अमृत महोत्सव के अन्तर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गयी






अमीनाबाद इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा आजादी की 75 वी वर्षगांठ के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली गई

आरिफ रिज़वी

लखनऊ। आयोजित अमृत महोत्सव के अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली गई जो विद्यालय परिसर से शहीद स्मारक तक पहुंची जिसमें छात्रों तथा शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस यात्रा का शुभारंभ नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष रजनीश कुमार गुप्ता बॉबी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।











16 अगस्त को आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अमृत महोत्सव के अवसर पर नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित अमीनाबाद इंटर कॉलेज के छात्रों के मध्य आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों का इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किये गये। वितरण अपर नगर आयुक्त श्री अभय कुमार पांडे द्वारा किया गया।













अमीनाबाद इण्टर कॉलेज के शिक्षकों शिक्षिकाओं तका कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान में प्रतिभाग किया गया।

अमीनाबाद इण्टर कॉलेज के स्काउट के छात्रों तथा शिक्षकों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान हेतु एक रैली का आयोजन किया गया।








मिशन शक्ति के अंतर्गत 4 सितंबर को अमीनाबाद इंटर कॉलेज में शक्ति मंच कक्ष का शुभारंभ बास्केटबॉल महिला टीम की स्टेट लेबल खिलाड़ी मानसी सिंह द्वारा किया गया इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया। मानसी सिंह द्वारा विद्यालय की शिक्षिकाओं को प्रेरित कर अपना कार्य पूरी ऊर्जा तथा तन्मयता से करने के लिए कुछ टिप्स भी दिए गए। विद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रमों के आयोजन के लिए विद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीमती मृदुला द्विवेदी को प्रभारी एवं कुमारी जुबेदा को सह प्रभारी बनाया गया







**मिशन शक्ति फेज-3 के संबंधित आयोजनो के क्रम में दिनांक 28 अगस्त को अमीनाबाद इण्टर कॉलेज की महिला शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियोंके मध्य तेज चाल प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विद्यालय की महिला शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रधानाचार्य द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया।**
















पुष्प प्रदर्शनी के अवसर पर अमीनाबाद इंटर कॉलेज द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुए माननीय उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा महापौर माननीय संयुक्ता भाटिया जी नगर आयुक्त श्री अजय कुमार द्विवेदी जी एवं अन्य अधिकारी गण तथा विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकागण





महानगरी E-पार्क में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता में अमीनाबाद इंटर कॉलेज का छात्र माननीय नगर विकास मंत्री जी से पुरस्कार प्राप्त करते हुए

# विद्यालय : एक परिचय

नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित अमीनाबाद इण्टर कालेज की स्थापना दिनांक 10 अक्टूबर, 1887 को अमीनाबाद म्यूनिसिपल ए.बी.बी. स्कूल के नाम से हुई तथा स्व. बेनी प्रसाद भट्नागर (प्रधानाचार्य) के सत्प्रयासों से 1913 में हाईस्कूल तथा स्व. बैजनाथ सिंह (प्रधानाचार्य) के प्रयासों से 1947 में इण्टरमीडिएट हुआ।

संस्कार युक्त शिक्षा देकर सुनागरिक निर्माण ही इस विद्यालय का प्रारम्भिक लक्ष्य है। इस विद्यालय ने देश को अनेकों प्रतिभाएँ दी जो विविध गौरवान्वित पदों पर आसीन होकर इस विद्यालय के यश को देश विदेश में बढ़ा रहे हैं विद्यालय में इण्टर स्तर तक विज्ञान वर्ग, कला वर्ग, वाणिज्य वर्ग, व्यवसायिक वर्ग एवं कम्प्यूटर विषय की शिक्षा की उत्तम व्यवस्था है।

इस विद्यालय में छात्रों की उत्तम शिक्षा के साथ ही उनमें संस्कारों का विकास, चरित्र निर्माण करके उनके सर्वांगीण विकास हेतु समर्पित भाव से प्रयास किया जाता है। चरित्र एवं व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न पाठ्येत्तर क्रिया कलापों का आयोजन किया जाता है। छात्र विद्यालय, जनपद राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होते हैं तथा जनपद, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत होते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| संचालक संस्था | - | नगर निगम लखनऊ |
| स्थापना अवधि | - | 135 वर्ष |
| स्थिति | - | विद्यालय लखनऊ शहर के केन्द्र के प्रमुख स्थान अमीनाबाद में स्थित |
| प्रबन्धक | - | नगर आयुक्त नगर निगम, लखनऊ |
| प्रधानाचार्य | - | श्री साहब लाल मिश्र |
| मान्यता | - | उ. प्र. बोर्ड इलाहाबाद द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 12 तक मान्यता प्राप्त |

## विद्यालय के पूर्व छात्रों में से कुछ विभूतियाँ

1. पद्मश्री श्री नौशाद अली (संगीतकार)
2. श्री तलत महमूद (गायक)
3. मा. न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय श्री एच. एन. तिलहरी
4. श्री चन्द्रभानु गुप्त (पूर्व मुख्यमंत्री, उ. प्र.)
5. श्री बेनी प्रसाद वर्मा (पूर्व) इस्पात मंत्री, भारत सरकार
6. पद्मश्री स्व. डॉ. एस. सी. राय (विश्व प्रसिद्ध सर्जन एवं पूर्व महापौर, लखनऊ)
7. डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव प्रो. ऑफ मेडिसिन मांट्रियल वि. वि. कनाडा
8. मा. न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय श्री रामनाथ शर्मा
9. डॉ. सतीश नारायण अग्रवाल B.E. रूड़की पूर्व उप महाप्रबन्धक पॉवर कार्पोरेशन
10. वाई. सी. राय I.F.S. इत्यादि

## अमीनाबाद इण्टर कालेज में उपलब्ध सुविधाएँ

**नगर निगम लखनऊ एवं नगर आयुक्त / प्रबन्धक महोदय के सहयोग से विद्यालय में निम्नलिखित सुविधाएँ उपलब्ध हैं -**

### 1. सुसज्जित वाचनालय / पुस्तकालय

विद्यालय के छात्रों के अध्ययन की समुचित व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त समय में अध्ययन हेतु विद्यालय में एक सुसज्जित वाचनालय / पुस्तकालय की स्थापना की गई है। जिसमें छात्रगण पूर्ण मनोयोग से बैठकर अध्ययन करते हैं एवं खाली समय का सदुपयोग करते हैं। छात्रों के सामान्य ज्ञान में अभिवृद्धि हेतु वाचनालय में प्रतिदिन हिन्दी एवं अंग्रजी के 5 समाचार पत्र रखवाये जाते हैं।

### 2. जूनियर कक्षा के छात्रों को मिलने वाली सुविधाएँ

कक्षा VI, VII, VIII के छात्रों से कोई फीस नहीं ली जाती है उन्हें पुस्तकें एवं बैग तथा दोपहर का भोजन मुफ्त दिया जाता है साथ ही गरीब छात्रों को छात्रवृत्ति भी दी जाती है।

### 3. कमजोर छात्रों के लिए निःशुल्क सायंकालीन कक्षाओं का आयोजन

विद्यालय के कमजोर छात्रों की निःशुल्क अतिरिक्त कक्षाएँ सायं 4 बजे से रात 8 बजे तक संचालित की जाती है।

### 4. गृहकार्य

सभी अध्यापक अपनी निर्धारित तिथि पर अपनी कक्षा तथा विषय की समस्त कापियाँ जाँच कर प्रधानाचार्य अथवा सम्बन्धित प्रभारी के कक्ष में जमा करते हैं तथा कापियाँ प्रधानाचार्य अथवा सम्बन्धित प्रभारी द्वारा अवलोकित की जाती है। यदि किसी अभिभावक को इस

कार्य में अनियमितता मिले तो कृपया प्रधानाचार्य से अवश्य सम्पर्क करें।

### 5. मासिक परीक्षायें

विद्यालय में तीन मासिक परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। कृपया अपने पाल्यों की इन परीक्षाओं में प्रतिभागिता सुनिश्चित करायें।

### 6. छात्र प्रगति, शिकायतों से अभिभावकों को अवगत कराना

छात्रों की प्रगति/शिकायत हेतु एक निर्धारित पत्र कक्षाध्यापकों के माध्यम से डाक द्वारा छात्र के निवास के पते पर भेजा जायेगा जिसका डाक खर्च शुल्क के साथ छात्र को देना होगा। ऐसा पत्र प्राप्त होने पर तुरन्त विद्यालय से सम्पर्क करें।

### 7. योग की व्यवस्था

विद्यालय के समस्त छात्रों को प्रतिदिन 30 मिनट योग प्रशिक्षक द्वारा योगाभ्यास कराया जाता है। जिससे छात्रों का शारीरिक एवं मानसिक विकास सकारात्मक दिशा में होता है।

### 8. शारीरिक शिक्षा एवं खेल कूद

विद्यालय में कक्षावार खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। छात्र जनपद, मण्डल, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेते हैं तथा विजयी रहते हैं।

### 9. विभिन्न प्रतियोगिताएँ

छात्रों को सामान्य ज्ञान, वाद-विवाद, अंताक्षरी, निबन्ध, संगीत इत्यादि प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। परिणाम स्वरूप छात्र अवसर आने पर प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करके सम्मानित होते हैं।

### 10. इण्डोर क्रीड़ा कक्ष एवं जिम

विद्यालय में एक सुसज्जित इण्डोर क्रीड़ा कक्ष स्थापित किया गया है। जिसमें टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम के अतिरिक्त एक जिम भी है जिसमें व्यायाम हेतु उच्च श्रेणी की सभी सुविधाएँ उपलब्ध है। विद्यालय के छात्रों के स्वास्थ्यवर्धन हेतु प्रतिदिन सुबह एवं सांय यह क्रीड़ा कक्ष प्रशिक्षक की देख रेख में खुलता है।

### 11. विद्यालय के समस्त कक्षा कक्षों एवं सम्पूर्ण परिसर में 96 CCTV कैमरों की व्यवस्था की गई है। जिससे विद्यालय के शिक्षण कार्य एवं अन्य गतिविधियों पर प्रधानाचार्य द्वारा आनलाइन नज़र रखी जाती है।

### 12. स्काउट एवं एन.एस.एस. तथा रेडक्रास

विद्यालय में स्काउट, रेडक्रास एवं एन.एस.एस. प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध है जिससे समय-समय पर शिविरों का आयोजन करके छात्रों का सर्वांगीण विकास किया जाता है।

### 13. निर्धन छात्र कोष

विद्यालय में निर्धन छात्रों को आर्थिक सुविधा देने के लिए निर्धन छात्र कोष स्थापित है, जिससे असहाय निर्धन छात्रों को सहयोग किया जाता है। कमजोर एवं निर्धन छात्रों को निःशुल्क अतिरिक्त शिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध है।

14. गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष नगर निगम के सहयोग से विद्यालय द्वारा छात्रों में कलात्मक अभिरूचि का उत्थान करने के लिए झाँकी का निर्माण किया जाता है। जो महामहिम राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत भी होती है।

15. विद्यालय में एक स्वच्छ एवं कम दरों पर खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु कैंटीन की व्यवस्था है।

16. **24 घण्टे निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु विद्यालय में जनरेटर की व्यवस्था है।**

17. विद्यालय में महिला एवं पुरूष दोनो प्रकार के स्वच्छ एवं सुन्दर शौचालयों की व्यवस्था है।

18. विद्यालय में एक सुसज्जित गणित प्रयोगशाला है जो गणित जैसे दुरूह विषय को समझाने में लाभकारी है।

19. विद्यालय में विज्ञान माडलों के निर्माण हेतु विज्ञान कार्यशाला भी उपलब्ध है।

20. नाश्ता करने/खाना खाने से पूर्व साबुन से हाथ धोने हेतु पानी की पर्याप्त टोटियों एवं साबुन की व्यवस्था उपलब्ध है।

21. विद्यालय के समस्त कक्षा-कक्षों में सनमाइका बोर्ड लगवाये गये। जिससे चाक, डस्टर से शिक्षण होने के कारण उत्पन्न धूल का प्रभाव छात्रों एवं शिक्षकों पर नहीं पड़ता है।

22. विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य की जाँच हेतु ऊँचाई तथा तद्नुसार वजन के मापन की व्यवस्था हेतु हेल्थ कार्नर स्थापित किया गया है।

# विद्यालय के उत्थान में नगर निगम, लखनऊ का योगदान

नगर निगम प्रशासन के सहयोग से विद्यालय लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर है। नगर निगम विद्यालय के लिए आवश्यक सुविधाएँ जुटाना अपना पुनीत कर्तव्य समझता है।

# महत्वपूर्ण सूचनाएँ

1. 10 दिन अनवरत अनुपस्थित रहने पर अथवा संतोषजनक कार्य न करने एवं अनुशासनहीनता करने पर छात्र का नाम विद्यालय से पृथक कर दिया जाएगा और उसका प्रवेश पुनः सम्भव न होगा।
2. छात्रों का अवकाश प्रार्थना-पत्र अभिभावक द्वारा प्रति हस्ताक्षरित ही मान्य होगा।
3. विद्यालय अवधि में छात्र को बाहर जाने की अनुमति नहीं है। अतः उसे लंच पैक की व्यवस्था करके भेजें।
4. विद्यालय में उपस्थित छात्र को विद्यालय कार्य अवधि में केवल अभिभावक के प्रार्थना-पत्र के आधार पर ही विद्यालय से जाने की अनुमति दी जाएगी।
5. छात्रों के लिए विद्यालय में विशेष परिधान निर्धारित है। प्रत्येक छात्र को यह परिधान पहनकर विद्यालय आना आवश्यक है यदि कोई छात्र निश्चित परिधान में विद्यालय नहीं आता है तो उसे विद्यालय में प्रवेश न देकर घर वापस भेज दिया जाएगा। किसी भी दशा में निर्धारित परिधान से छूट नहीं दी जाएगी। अस्तु अभिभावक को छात्र के परिधान के प्रति सतर्क रहना वांछनीय है। ऋतुओं के अनुसार छात्रों के परिधान परिवर्तित हो जाते है। परिधान की जानकारी विद्यालय से प्राप्त करनी होगी।
6. प्रार्थना स्थल पर प्रत्येक छात्र की उपस्थिति आवश्यक है। प्रार्थना प्रारम्भ होने के पश्चात छात्रों का प्रवेश विद्यालय में सम्भव न होगा। विद्यालय गेट बन्द कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में छात्रों को घर लौटना पड़ेगा। प्रत्येक छात्र की 90 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है अन्यथा छात्र को परीक्षा में सम्मलित होने से रोक दिया जायेगा। उपस्थिति कम होने की सूचना साधारण डाक द्वारा प्रेषणीय है। सूचना अप्राप्ति का उत्तरदायित्व विद्यालय पर न होगा। अतः अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने पाल्य के सम्बन्ध में अध्यापकों से सम्पर्क बनायें रखें।
7. विद्यालय में प्रवेश लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर होंगे।
8. समस्त छात्रों को आवश्यक निर्देश प्रदान करने एवं विभिन्न क्रिया कलापों से सम्बन्धित सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु प्रत्येक कक्षा के ह्मट्स एवं ग्रुप बनाये गये है अतः छात्रों को अपने मोबाइल के इन ग्रुपों पर जुड़ना अनिवार्य होगा।

# इण्टरमीडिएट कक्षाओं हेतु विद्यालय में उपलब्ध विषयों का विवरण

## वर्ग 'क' मानविकी

(क) **अनिवार्य विषय - साहित्यक हिन्दी**

**वैकल्पिक विषय - निम्नलिखित में से कोई चार विषय**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | 2. | संस्कृत | 3. | उर्दू |
| 4. | भारतीय इतिहास | 5. | अर्थशास्त्र | 6. | कम्प्यूटर |

## वर्ग 'ख' वैज्ञानिक

**अनिवार्य विषय - हिन्दी**

**वैकल्पिक विषय**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | 2. | भौतिक विज्ञान | 3. | रसायन विज्ञान |
| 4. | जीव विज्ञान | 5. | गणित | 6. | कम्प्यूटर |

## वर्ग 'आई' व्यावसायिक

**अनिवार्य विषय - 1. सामान्य हिन्दी**

(2) आधारिक विषय एवं कम्प्यूटर तकनीक एवं मेण्टीनेन्स तथा आशुलिपिक टंकण में से कोई एक।

निम्न में से कोई एक (वैकल्पिक) -

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इतिहास | 2. | उर्दू | 3. | अंग्रेजी |

## वर्ग 'ग' वाणिज्य

**अनिवार्य विषय - 1. सामान्य हिन्दी**

**वैकल्पिक विषय**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी अथवा कम्प्यूटर | 2. | बही खाता लेखाशास्त्र |
| 3. | व्यापार प्रणाली | 4. | अर्थशास्त्र अथवा गणित |

# कक्षा 9 व 10

## अनिवार्य विषय

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी | 2. | अंग्रेजी | 3. | गणित |
| 4. | विज्ञान | 5. | सामाजिक विज्ञान | | |

## वैकल्पिक विषय

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चित्रकला | 2. | संगीत | 3. | संस्कृत |
| 4. | उर्दू | 5. | कम्प्यूटर | 6. | वाणिज्य |

# विद्यालय की वर्ष 2020-21 की उपलब्धियाँ

प्रगति के पथ पर अग्रसर अमीनाबाद इण्टर कालेज की वर्ष 2020-21 की उपलब्धियाँ निम्नवत् हैं -

1. गणतन्त्र दिवस की विधान भवन के सम्मुख आयोजित परेड में सम्मिलित विद्यालय की झाँकी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।
2. भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला का जीर्णोद्धार करवाकर उसे सुन्दर एवं उपकरणों से सुसज्जित कराया गया है।
3. महानगर ई-पार्क में लखनऊ जनपद के विद्यालयों के छात्रों के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें विद्यालय का एक छात्र नगर विकास मंत्री द्वारा पुरस्कृत हुआ।
4. विद्यालय में वृहदस्तर पर वृक्षारोपण कराया गया।
5. मिशन शक्ति से सम्बन्धित कई कार्यक्रम कराये गये तथा मिशन शक्ति कक्ष की स्थापना की गई।
6. कोरोना से बचाव हेतु विद्यालय में हाथ धोने के लिए कई स्थानों पर टोटियाँ लगवाई गई तथा सैनीटाजेशन हेतु व्यवस्था करवाने के साथ ही कोविड हेतु डेस्क कक्ष की स्थापित की गई।

## स्वछता सम्बन्धी शपथ

### (प्रार्थना स्थल पर छात्रों द्वारा यह शपथ ली जाती है)

1. हम सब सदैव अपनी तथा अपने आस-पास स्वच्छता रखेंगे।
2. कोई भी गन्दगी कूड़ा-कचरा इत्यादि इधर-उधर नहीं फेकेंगे। बल्कि नियत स्थान (कूड़ेदान) में ही डालेंगे।
3. स्वच्छता हेतु अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे। जिससे हमारा देश स्वच्छ एवं सुन्दर हो सके।
4. खाना खाने / नाश्ते के पूर्व एवं शौच के पश्चात् अपने हाथ साबुन से धोयेंगे। जिससे बीमारियाँ से दूर रहा जा सके।
5. समस्त छात्र प्रतिदिन मिशन शक्ति के अन्तगर्त कक्षाऐं प्रारम्भ होने से पूर्व बलिदान सुरक्षा शपथ लेते है। तथा छुट्टी के समय एक्शन साथ प्रार्थना गाते है। जिससे उनके अन्दर सकारात्मकता का संचार होता है।

उपरोक्त के अतिरिक्त विद्यालय में कई अन्य कार्य एवं कार्यक्रम कराये जाते हैं। जिनका विवरण स्थानाभाव के कारण नहीं दिया जा रहा है।

## सहयोग आपका - परिश्रम हमारा

अमीनाबाद इण्टर कालेज, लखनऊ
परिवार

दिनांक 21 सितंबर को विश्व शांति के दिवस के अवसर पर अमीनाबाद इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा सर्वधर्म समभाव की प्रतिज्ञा क्षेत्रीय पार्षद श्री मुकेश कुमार सिंह द्वारा कराई गई









2 अक्टूबर को अमीनाबाद इंटर कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष श्री रजनीश कुमार गुप्ता बॉबी द्वारा विद्यालय में पौधारोपण किया गया तथा स्वच्छता शपथ दिलाई गई इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों के मध्य आयोजित निबंध, स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया छात्रों द्वारा स्वच्छता विषय पर एक नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की गई।





झूलेलाल वाटिका में विकासदीपोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के कई कार्यक्रमों का आयोजन अमीनाबाद इन्टर कॉलेज द्वारा किया गया।




Shahid Rajaa
Just now
गुडम्बा थाने के कन्हैया नगर में बदमाशों द्वारा महिला को मारी गोली
अमीनाबाद इंटर कालेज का प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन
गोमती एजेंसीज़


















आज दिनांक 1 दिसंबर 2021 को अमीनाबाद इंटर कॉलेज में माननीय महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया जी द्वारा पौधारोपण किया गया तथा विकास दीपोत्सव कार्यक्रम में लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तथा पटेल जयंती पर विधान भवन के सम्मुख आयोजित परेड में अमीनाबाद इंटर कॉलेज की झांकी में कार्य करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया तथा इस अवसर पर माननीय महापौर जी द्वारा निर्बल वर्ग के छात्रों को निशुल्क स्वेटर भी वितरण किया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अमीनाबाद इण्टर कॉलेज के द्वारा निकाली गई झाँकी














''मिशन शक्ति - फेज 3'' कार्यक्रम के अन्तर्गत आज दिनांक 21 अगस्त को अमीनाबाद इण्टर कॉलेज में अध्यापिका, अध्यापक तथा कर्मचारी गणों द्वारा बालिका सुरक्षा शपथ (माताओं हेतु जिम्मेदारी शपथ एवं पिता हेतु जिम्मेदारी शपथ) का आयोजन किया गया।


















मिशन शक्ति के अंतर्गत अमीनाबाद इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा रंगोली बनाई गई प्रधानाचार्य द्वारा छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# अमीनाबाद इण्टर कालेज अखबारों की सुर्खियों में



राहे पर मार्च पास्ट, कोरोना वॉरियर्स हुए सम्मानित





अगस्त से खुलेंगे स्कूल, दो शिफ्टों में चलेंगी कक्षाएं





फास्ट न्यूज

निबंध प्रतियोगिता में विनय ने मारी बाजी



अमीनाबाद इंटर कॉलेज के शिक्षक को किया गया सम्मानित



शिक्षक करवा रहे रीचार्ज ताकि स्टूडेंट्स कर सकें ऑनलाइन क्लास

NBT लखनऊ 5 मई 20

■ एनबीटी, लखनऊ : अमीनाबाद इंटर कॉलेज में स्टूडेंट्स के फोन रीचार्ज करवाने की पहल शुरू की गई है। यह पहल जरूरतमंद और प्रतिभावान स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई है। इसके तहत विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों द्वारा स्टूडेंट्स के मोबाइल फोन पर 100 रुपये का टॉप अप करवाया जा रहा है। स्कूल के प्राचार्य एसएल मिश्रा ने बताया कि हमारे यहां 1300 स्टूडेंट्स में से करीब 706 स्टूडेंट्स ऑनलाइन क्लासेस से जुड़े हुए हैं। इनमें से अब तक प्राचार्य और स्कूल के शिक्षकों के माध्यम से कई स्टूडेंट्स के फोन में टॉपअप करवाया जा चुका है। प्राचार्य ने कहा कि यह मुहिम इसलिए शुरू की गई क्योंकि ज्यादातर स्टूडेंट्स लॉकडाउन होने की वजह अपना फोन नहीं रीचार्ज करवा पा रहे हैं। इससे उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है।



राजकीय स्कूलों में भी ऑनलाइन दाखिले

लॉकडाउन के बीच अपडेट हो रहे स्कूल



होटल में मिले युवक-युवती के शव



छात्रों का इंटरनेट पैक भी रिचार्ज करवा रहे शिक्षक

लखनऊ। लॉकडाउन में सरकारी विद्यालयों के टीचर एक तरफ जहां सोशल मीडिया के जरिए बच्चों को पढ़ा रहे हैं वहीं, दूसरी तरफ छात्राओं के मोबाइल में इंटरनेट पैक भी रिचार्ज करवा रहे हैं। अमीनाबाद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य साहेब लाल मिश्रा ने बताया कि योग्य व जरूरतमंद 189 छात्रों के मोबाइल में शिक्षकों द्वारा 199 रुपये वाला डाटा पैक रिचार्ज करवाया जा चुका है। वहीं, कुछ छात्रों के मोबाइल मेसेज को द्वारा 100 रुपये का टॉपअप भी कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में 706




राहे पर मार्च पास्ट, कोरोना वॉरियर्स हुए सम्मानित




जीजीआईसी, अमीनाबाद इंटर कॉलेज में कॉपी जांचने का काम पूरा



पहली बार ऐसा परि



कूलों में व्हाट्सएप से दाखिले के निर्देश

अमीनाबाद ने शुरू की प्रवेश प्रक्रिया



में पौधरोपण कर बच्चों को बांटा स्वेटर



सहायक नगर आयुक्त यमुना धर चौहान द्वारा अमीनाबाद इंटर कालेज में पौधारोपण



सहायक नगर आयुक्त ने किया पौधरोपण

# गणतंत्र दिवस 2021 की पुरस्कृत झाँकी








## अमीनाबाद इण्टर कालेज, लखनऊ

शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों के परिश्रम तथा नगर निगम
के सहयोग से सतत् प्रगतिशील